संदेश

विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून 2024)

संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 1973 से प्रत्येक वर्ष 05 जून को विश्वभर में '**विश्व पर्यावरण दिवस**' मनाया जाता है। पर्यावरण की सुरक्षा हेतु विश्वव्यापी जागरूकता और कार्यवाही को प्रोत्साहित करने के लिए यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण वैश्विक मंच है। इस वर्ष '**विश्व पर्यावरण दिवस**' अभियान **भूमि पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने जैसे विषयों** पर केंद्रित है, जिसका नारा है **"हमारी भूमि। हमारा भविष्य। हम #GenerationRestoration हैं।**

हमारे भूमंडल में वन फेफड़े और नदियां धमनियों के रूप में कार्य करती हैं। वे स्वच्छ हवा, साफ पानी, भोजन और हमारी अनगिनत मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, जो इस ग्रह पर हमारे अस्तित्व के लिए अनिवार्य है। इस ग्रह के संरक्षक के रूप में, इस नाजुक इॅकोसिस्टम की सुरक्षा और हमारी भावी पीढ़ियों के लिए इसे संरक्षित और पुर्नस्थापित करना हम सबकी जिम्मेदारी है।

डीएफसीसीआईएल की '**कॉर्पोरेट पर्यावरण नीति**' में पहले से ही हमारे कामकाज के प्रत्येक पहलू में स्वस्थ पर्यावरण जीविका और सतत विकास को बढ़ावा देने की पहल की गई है। इसमें पर्यावरण के संरक्षण और हरित पट्टी विकास से संबंधित सभी नियमों और दिशा-निर्देशों के अनुपालन पर भी जोर दिया गया है। डीएफसीसीआईएल द्वारा दोनों कोरीडोर पर वृक्षारोपण और हरित पट्टी के विकास हेतु एक विस्तृत "**हरित वृक्षारोपण कार्यवृत्त**" तैयार किया गया है। डीएफसीसीआईएल ने 2800 किमी. से अधिक लंबे अपने ट्रैक पर निर्माण के दौरान उपयोग में लाए गए बैचिंग प्लांट / बॉरो एरिया (Borrow area) को बंद करके भूमि का पुर्नस्थापन सुनिश्चित किया है।

आइए, हम सब मिलकर डिग्रेड हो चुकी भूमि के कायाकल्प का संकल्प लें और **जैव-विविधता** को संरक्षित करने व प्रभावी भूमि प्रबंधन आचरण को बढ़ावा देने के लिए मिल-जुलकर काम करें। भू-संरक्षण के लिए अपना योगदान देकर हम जलवायु परिवर्तन की अनिश्चितताओं को कम करने के साथ **सतत-विकास** में भी बहुत योगदान दे सकते हैं।

इस विश्व पर्यावरण दिवस पर, आइए हम सब अपनी धरती को रेगिस्तान बनने से बचाने के लिए संकल्प लें और भूमि के क्षरण को रोकने और सूखे से निपटने तथा अपनी मूल्यवान धरती को फिर से जीवंत करने की प्रतिज्ञा लें। हम सभी साथ मिलकर अपनी पृथ्वी के लिए ज्यादा सतत और बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकते हैं।

"Protect our planet, it's the only one we have got"

विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएँ

जय हिंद

(रविन्द्र कुमार जैन)
प्रबंध निदेशक